# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–25 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

निवार्चन आयोग ने कानून और न्याय मंत्री के परामर्श से राज्यसभा के महासचिव को उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**आयोग ने राज्यसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव और निदेशक को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिये सहायक चुनाव अधिकारी बनाया है। संविधान की धारा 324 के तहत निर्वाचन आयोग को भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव कराने का अधिदेश प्राप्त है। उपराष्ट्रपति चुनाव, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति निर्वाचन विनियम, 1974 से संचालित होता है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम 1952, की धारा 3 के तहत निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार के परामर्श से चुनाव अधिकारी की नियुक्ति करता है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

इसी माह के इक्कीस जुलाई को श्री जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। गृह मंत्रालय द्वारा श्री धनखड़ के इस्तीफे की अधिसूचना के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

**********

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही विपक्ष के हंगामें के कारण आज भी बाधित हुई। इस बीच, आज सुबह लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सदन ने देश के वीर जवानों का स्मरण किया और कारगिल विजय दिवस की छब्बीसवीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, राज्यसभा में कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि पहली बार दो हजार से अधिक वैज्ञानिकों के एक दल ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सात हजार नौ सौ से अधिक गांवों का दौरा किया। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि वैज्ञानिकों ने प्रत्येक गांव की कृषि–जलवायु स्थितियों पर विस्तृत जानकारी एकत्र की।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान के सात हजार 9 सौ से ज्यादा गांवों में हमारे वैज्ञानिक गए और वो खाली हाथ नहीं गए, उस गांव की एग्रो क्लाइमेटिक कंडिशंस क्या है और उस कडीशंस पर गांव में जो माटी है उसमें पोषक तत्व कौन से हैं, उनको ध्यान में रखते हुए वहां कौन सी फसल उगाई जाए, कौन से बीज उपयुक्त रहेंगे ये जानकारी लेकर गए।**

**********

केंद्र सरकार के कर्मचारी अपने बुजुर्ग माता पिता की देखभाल सहित किसी भी व्यक्तिगत कारण से अन्य पात्र अवकाश के अलावा तीस दिन का अर्जित अवकाश भी ले सकते हैं। यह जानकारी केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कल राज्य सभा में पूछे गये प्रश्न के लिखित उत्तर में दी है। लिखित उत्तर के अनुसार केंद्र सरकार के कर्मचारी अर्जित अवकाश के अलावा बीस दिन का अर्ध वेतन अवकाश, आठ दिन का आकस्मिक अवकाश और दो दिन का प्रतिबंधित अवकाश भी ले सकेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। वह करीब दो सौ लोगों से मिले और उनके प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। लोगों की समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी दो अगस्त को वाराणसी में संभावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला प्रशासन सेवापुरी विधानसभा के कालिकाधाम बनौली में प्रधानमंत्री की प्रस्तावित विशाल जनसभा सम्बन्धित चिन्हित मार्गों ,सुरक्षा व्यवस्था, रुट डायवर्जन और वैकल्पिक मार्ग को लेकर अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कल जनसभा स्थल का निरीक्षण कर वाहन पार्किंग, प्रवेश द्वार, जर्मन हैंगर, मुख्य मंच और हेलीपैड समेत अन्य चिन्हित स्थानों की सुरक्षा तथा अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**********

कुशीनगर जिले के आकांक्षात्मक ब्लॉक विशुनपुरा को नीति आयोग द्वारा सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इस ब्लॉक को हाल ही में केन्द्र सरकार के डेल्टा रैंकिंग में प्रदेश में पांचवां स्थान मिला है। हमारे कुशीनगर प्रतिनिधि ने बताया कि पिछले साल तीन जुलाई से तीस सितम्बर दो हजार चौबीस तक चलाये गये अभियान में बाल विकास परियोजना, कृषि और स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित कुल छह संकेतांकों में से पांच को जिले द्वारा पूरी तरह से संतृप्त किया गया।

**********

प्रदेश के गोरखपुर, महराजगंज, जौनपुर और अयोध्या सहित कई पूर्वी जिलों में आज हुई मध्यम से लेकर तेज वर्षा से लोगों को उमस भरी भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दिनों में भी प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कहीं कहीं भारी वर्षा और बिजली गिरने की संभावना जताई है।

**********